Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 23-05-2006

Participants : Singh Dr. Raghuvansh Prasad

>

Title : Statement regarding status of implementation of recommendations contained in the 3rd Report of Standing Committee on Rural Development pertaining to the Department of Rural Development, Ministry of Rural Development.

ग्रामीण विकास मंत्री (डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह) : महोदय, मैं लोक सभा बुलेटिन भाग II दिनांक 1 सितम्बर, 2004 में जारी किए गए लोक सभा अध्यक्ष के निदेश 73ए के अनुसरण में ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति की तीसरी रिपोर्ट में निहित सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति पर वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं।

ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति की तीसरी रिपोर्ट, (14वीं लोक सभा) 19 अगस्त, 2004 को लोक सभा में प्रस्तुत की गयी थी। यह रिपोर्ट ग्रामीण विकास मंत्रालय, ग्रामीण विकास विभाग की वर्ा 2004-05 की अनुदान मांगों की जांच से संबंधित है। समिति की रिपोर्ट में निहित सिफारिशों/टिप्पणियों पर की गयी कार्रवाई की रिपोर्ट 14.1.2005 को ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति को भेजी गयी थी। रिपोर्ट में शामिल सिफारिशों के क्रियान्वयन की स्थिति पर मैंने 29.4.05 को लोक सभा में एक वक्तव्य भी दिया था तथापि, लोक सभा सचिवालय ने सलाह दी थी कि रिपोर्ट में दी गयी सिफारिशों के कार्यान्वयन की सिफारिश-वार स्थिति पर एक और वक्तव्य लोक सभा में प्रस्तुत किया जाये।

समिति ने उक्त रिपोर्ट में 58 सिफारिशें की थीं जिनमें सरकार की ओर से कार्रवाई की जानी थी। ये सिफारिशें मुख्यतः स्वरोजगार और मजदूरी रोजगार के सृजन की योजनाओं, ग्रामीण गरीब को आवास उपलब्ध कराने, ग्रामीण सडकों और जिला ग्रामीण विकास एजेंसी प्रशासन को मजबूत करने के लिए सहायता, प्रशिक्षण और अनुसंधान, मानव संसाधन विकास, स्वैच्छिक कार्रवाई को बढावा, निगरानी आदि जैसी अन्य आ वश्यक जानकारियां देने से संबंधित हैं जिससे कि कार्यक्रम को सही ढंग से क्रियान्वित किया जा सके।

समिति द्वारा की गयी विभिन्न सिफारिशों के क्रियान्वयन की मौजूदा स्थिति सदन की मेज पर प्रस्तुत मेरे वक्तव्य के अनुबंध में दर्शायी गयी है। मेरा अनुरोध है कि इसे पठित समझा जाये।

---

*Laid on the table and also placed in Library, See No. LT 4469/2006